खास-खबरें

धनतेरस पर कुबेर मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



नईदुनिया, प्रतिनिधि, मंदसौरः धनतेरस के अवसर पर देशभर में प्रसिद्ध मंदसौर स्थित कुबेर मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। ब्रह्म मुहूर्त से शुरू हुआ दर्शन का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। मंदिर समिति के अनुसार, दिनभर में 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भगवान कुबेर के दर्शन किए और सुख-समृद्धि की कामना की।

धनतेरस पर भगवान कुबेर के दर्शन का विशेष महत्व माना जाता है। इसी मान्यता के चलते मध्यप्रदेश सहित देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की कतारें लग गई थीं। उल्लेखनीय है कि यह मंदिर अपनी ऐतिहासिक और धार्मिक विशेषता के लिए भी प्रसिद्ध है। मान्यता के अनुसार, केदारनाथ के बाद यह देश का दूसरा ऐसा मंदिर है, जहां शिव परिवार के साथ भगवान कुबेर विराजमान हैं। लगभग 1200 वर्ष पुराने इस मंदिर को उत्तर गुप्तकालीन माना जाता है। धनतेरस पर यहां दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का पहुंचना वर्षों पुरानी परंपरा का हिस्सा है। धार्मिक आस्था के साथ ऐतिहासिक महत्व के कारण भी यह मंदिर देशभर के भक्तों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

पटाखा दुकानों में आग से प्रभावित दुकानदारों को विधायक ने दी आर्थिक सहायता

नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः नगर में पटाखा दुकानों में लगी आग से प्रभावित दुकानदारों की मदद के लिए जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता आगे आए हैं। दीपावली के लिए अपनी पूंजी लगाकर दुकानें लगाने वाले कई व्यापारियों को आगजनी की घटना में भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

पीड़ित दुकानदारों को राहत पहुंचाने के लिए बासौदा विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने प्रत्येक प्रभावित दुकानदार को 25-25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता रोहित भावसार ने भी पीड़ित दुकानदारों को 10-10 हजार रुपये की मदद दी। इसके अलावा प्रशासन की ओर से भी प्रभावित दुकानदारों को 10-10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दिए जाने की जानकारी सामने आई है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि आगजनी में हुए नुकसान की पूरी भरपाई संभव नहीं है, लेकिन इस मुश्किल समय में मिलने वाली आर्थिक सहायता से प्रभावित व्यापारियों को दोबारा अपने व्यवसाय को संभालने में मदद मिलेगी। जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की इस पहल से पीड़ित परिवारों को तत्काल राहत मिली है।

बाल विवाह की कुप्रथा मिटाने का लिया संकल्प, आंगनवाड़ी केंद्रों पर आयोजन



नईदुनिया, प्रतिनिधि, शाजापुरः समाज से बाल विवाह जैसी कुरीति को जड़ से समाप्त करने और जन-जागरूकता लाने के उद्देश्य से शहर में शुक्रवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों और विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर बाल विवाह मुक्त भारत बनाने की शपथ ली। आयोजन के दौरान परियोजना अधिकारी नेहा चौहान और सुपरवाइजर प्रिया गोस्वामी विशेष रूप से मौजूद रहीं। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग की ओर से एएनएम काजल विश्वास ने भी इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। जागरूकता अभियान में शहर के अलग-अलग आंगनवाड़ी केंद्रों से आई महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आंगनवाड़ी केंद्र 10/3 से तस्लीम बानो, केंद्र 6/2 से शाइस्ता, केंद्र 7/1 से रोशन मंसूरी, केंद्र 7/2 से रेहाना शेख, केंद्र 8/1 से शकीरा और केंद्र 8/2 से यास्मीन खान सहित कई अन्य महिलाएं उपस्थित थीं। कार्यकर्ताओं और वार्ड की महिलाओं ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में बाल विवाह पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए समाज को निरंतर जागरूक करती रहेंगी।

नवांकुर विद्यापीठ में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

गंजबासौदा। नवांकुर विद्यापीठ के डॉल्फिन कैंपस में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों को बच्चों के अधिकारों, साइबर सुरक्षा और निशुल्क विधिक सहायता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम में 'कानून जानो, बचपन बचाओ' और 'सुरक्षित क्लिक, सुरक्षित बचपन' विषयों पर परिचर्चा हुई। विद्यार्थियों को ऑनलाइन सुरक्षा, अनुचित तस्वीरें साझा करने, साइबर उत्पीड़न तथा सूचना एवं संचार उपकरणों के सुरक्षित उपयोग के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों और जरूरत पड़ने पर निशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया बताई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। इस अवसर पर संगीत दल ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम में तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड गंजबासौदा कपिल देव, अभिभाषक संघ अध्यक्ष अमान सिंह राजपूत, अधिवक्ता कमाल पाशा माथुर, सुनील भावसार, सुनील राजपूत, विद्यालय निदेशक शैलेंद्र दीक्षित, डॉल्फिन प्राचार्य संदीप जेटली और नवांकुर प्राचार्य संदीप रावत सहित विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

धनतेरस पर करोड़ों रुपये का व्यापार देररात तक रही बाजार में भीड़



नईदुनिया, प्रतिनिधि, शाजापुरः धनतेरस के मौके पर बाजार में खुब धन बरसा और लोगों ने मुहूर्त में जमकर खरीददारी की। ग्राहकी के चलते बर्तन और सराफा बाजार के अलावा पूजन सामग्री एवं सजावटी सामानों की दुकानों पर भी खासी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही बाजार में चहल-पहल बढने लगी थी जो दोपहर तक अपने चरम पर थी।

धनतेरस पर सीहोर जिले में स्वामित्व योजना के तहत हुईं रजिस्ट्रियाँ

राजस्व मंत्री वर्मा और विधायकों की मौजूदगी में हितग्राहियों को मिले आवासीय संपत्तियों के पंजीकृत दस्तावेज



नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः शुभ धनतेरस के अवसर पर शुक्रवार को जिले में स्वामित्व योजना के तहत विशेष पंजीयन कार्यक्रम आयोजित किया गया। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा और जिले के तीनों विधायकों की उपस्थिति में पात्र हितग्राहियों की आवासीय संपत्तियों के पंजीयन की प्रक्रिया पूरी की गई। योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी भूमि पर निवासरत परिवारों को उनकी संपत्ति का वैधानिक दस्तावेज उपलब्ध कराया जा रहा है।

राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा इछावर विकासखंड के ग्राम सोहनखेड़ा पहुंचे। यहां उन्होंने स्वामित्व योजना के तहत हितग्राहियों के दस्तावेजों के निष्पादन और पंजीयन प्रक्रिया में सहभागिता की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को योजना के महत्व और इससे मिलने वाले लाभों की जानकारी दी। मंत्री ने कहा कि योजना के माध्यम से ग्रामीणों को उनकी आवासीय संपत्ति का वैधानिक दस्तावेज मिलता है, जिससे संपत्ति पर उनका अधिकार सुनिश्चित होता है। दस्तावेज उपलब्ध होने से वे अपनी संपत्ति का उपयोग विभिन्न आर्थिक गतिविधियों और बैंक ऋण लेने के लिए भी कर सकेंगे।

मंत्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना के सभी पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण परिवारों को संपत्ति का कानूनी अधिकार देना उनके आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

इसी क्रम में बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव, सीहोर विधायक सुदेश राय और आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर की उपस्थिति में विभिन्न ग्रामों में पंजीयन कार्य संपन्न कराया गया। बुधनी तहसील के ग्राम हिगनासिर, बीसाखेड़ी और तिल्लोट तथा सीहोर तहसील के दोराहा में पात्र हितग्राहियों की आवासीय संपत्तियों के पंजीयन की कार्रवाई की गई।

आष्टा में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर के पैतृक ग्राम मुलानी-मंगलपुर में भी विशेष पंजीयन कार्यक्रम आयोजित हुआ। यहां 113 पात्र प्रकरणों में से 103 परिवारों की आवासीय संपत्तियों की निःशुल्क रजिस्ट्री पूरी की गई। इससे इन परिवारों को अपनी संपत्ति के स्वामित्व से संबंधित पंजीकृत दस्तावेज प्राप्त हुए।

इस अवसर पर विधायकों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में संचालित स्वामित्व योजना ग्रामीण परिवारों को उनकी आवासीय संपत्तियों का कानूनी अधिकार देने की महत्वपूर्ण पहल है। प्रमाणित दस्तावेज मिलने से संपत्ति संबंधी विवादों में कमी आएगी। साथ ही ग्रामीण परिवारों को भविष्य में संपत्ति के क्रय-विक्रय, बैंक ऋण और अन्य वित्तीय सुविधाओं का लाभ लेने में आसानी होगी।

उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा ग्रामीण परिवारों को उनकी आवासीय संपत्तियों का विधिवत पंजीकृत अभिलेख उपलब्ध कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रमों में संबंधित अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव, सरपंच, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

उदयगिरी के हितग्राहियों को मिले स्वामित्व अधिकार अभिलेख



नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः स्वामित्व योजना के तहत शुक्रवार को ग्राम पंचायत सुनपुरा के ग्राम उदयगिरी में हितग्राहियों को स्वामित्व रजिस्ट्री (अधिकार अभिलेख) वितरित किए गए। कार्यक्रम में विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने पात्र हितग्राहियों को उनके संपत्ति संबंधी दस्तावेज सौंपे। अधिकार अभिलेख मिलने पर हितग्राहियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के प्रति आभार जताया।

इस अवसर पर विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि स्वामित्व योजना ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को उनकी संपत्ति का कानूनी अधिकार प्रदान करने की महत्वपूर्ण पहल है। अधिकार अभिलेख मिलने से हितग्राहियों को अपनी भूमि और आवासीय संपत्ति के स्वामित्व का प्रमाण प्राप्त होगा। इससे वे आर्थिक और सामाजिक रूप से अधिक सशक्त बन सकेंगे।

उन्होंने कहा कि संपत्ति के वैध दस्तावेज उपलब्ध होने से ग्रामीणों को भविष्य में बैंक ऋण और अन्य वित्तीय सुविधाओं का लाभ लेने में भी आसानी होगी। योजना का उद्देश्य ग्रामीण आबादी क्षेत्रों में भूमि स्वामित्व अभिलेखों का डिजिटलीकरण कर नागरिकों को उनकी संपत्ति का प्रमाणित और वैधानिक दस्तावेज उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मनीष कुमार जैन, तहसीलदार प्रीति पंथी, ग्राम पंचायत सुनपुरा के सरपंच और सचिव सहित राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

सेवा भारती ने संस्कार केंद्रों के बच्चों के साथ मनाई दीपावली



नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः दीपावली के अवसर पर सिद्धपुर सेवा भारती समिति, नगर भैरूंदा ने चारों संस्कार केंद्रों के बच्चों को दीपावली सामग्री वितरित कर त्योहार की खुशियां साझा कीं। समिति के स्वयंसेवकों ने बच्चों के घर-घर पहुंचकर उनके पालकों से मुलाकात की और उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में राजगढ़ के सह विभाग संघचालक बाबू सिंह ठाकुर, भैरूंदा के खंड संघचालक बृजमोहन गौड़, सेवा टोली तथा केशव और महाकाल बस्ती की शाखाओं के स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। बच्चों को फुलझड़ियां, मिठाई, दीपक, तेल, बाती और माता लक्ष्मी के चित्र सहित दीपावली की आवश्यक सामग्री भेंट की गई, ताकि वे भी उत्साह और उल्लास के साथ पर्व मना सकें। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक त्योहारों की खुशियां पहुंचाना ही सेवा का वास्तविक उद्देश्य है। ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता, अपनत्व और मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करते हैं।कार्यक्रम में सेवा भारती नगर अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा, जिला महिला आयाम प्रमुख राधिका जैमिनी, जिला भजन मंडली आयाम प्रमुख शक्ति शर्मा, सहकोषाध्यक्ष रानी वर्मा तथा संस्कार केंद्र की शिक्षिकाएं पूजा बैरागी, ऋषिका श्रोत्रिय, पायल खरे और बबली शर्मा सहित अन्य बहनों का विशेष सहयोग रहा।

पुलिस ने 95 किलो बारूद और 90 गछकुंडी जब्त की

गंजबासौदा। दीपावली से पहले त्योंदा पुलिस ने अवैध विस्फोटक सामग्री के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब 95 किलो बारूद और 80 से 90 गछकुंडी बरामद की हैं। मामले में दो लोगों को हिरासत में लेकर संदिग्ध तीन पहिया वाहन भी जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार, थाना प्रभारी गौरव रघुवंशी को सूचना मिली थी कि रसूलपुर और त्योंदा के बीच लगे पटाखा बाजार की आड़ में अवैध रूप से बारूद और गछकुंडी का भंडारण एवं परिवहन किया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने पटाखा बाजार के पास घेराबंदी कर एक संदिग्ध तीन पहिया वाहन को रोका। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें करीब 95 किलो बारूद और 80 से 90 गछकुंडी बरामद हुई। पुलिस ने मौके से दो लोगों को हिरासत में लेकर वाहन जब्त कर लिया। थाना प्रभारी गौरव रघुवंशी ने बताया कि बारूद का भंडारण बिना सुरक्षा मानकों के किया जा रहा था। दीपावली के दौरान भीड़भाड़ वाले पटाखा बाजार में इससे बड़ा हादसा हो सकता था।

धनतेरस पर उज्जैन के बाजारों में उमड़ी भीड़, सराफा में बंपर कारोबार



नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः धनतेरस के साथ ही पांच दिवसीय दीपोत्सव की शुरुआत हो गई। शहर के फ्रीगंज, सतीगेट और गोपाल मंदिर सहित प्रमुख बाजारों में सुबह से देर रात तक खरीदारों की भीड़ रही। सराफा और फूल मंडी में अच्छी खरीदारी हुई, जबकि सड़क चौड़ीकरण और खुदाई के कारण बर्तन बाजार का कारोबार प्रभावित रहा।

सराफा व्यापारी सिद्धार्थ जैन के अनुसार, सोने-चांदी के सिक्कों के साथ चांदी के कछुए, हाथी, मछली और छिपकली की आकृतियों की मांग रही। कीमतों में नरमी के चलते खरीदारी बढ़ी है। उन्होंने उज्जैन के सराफा बाजार में 30 से 40 करोड़ रुपये के कारोबार का अनुमान जताया। दूसरी ओर, पटनी बाजार में सड़क चौड़ीकरण और यातायात बाधित होने से बर्तन व्यापार महज 25 प्रतिशत तक सिमट गया। बर्तन व्यापारी एवं निर्माता संघ के सचिव प्रकाश आच्छा ने यह जानकारी दी।

दूधतलाई फूल मंडी में भी धनतेरस पर रौनक रही। व्यापारी सुनील पुष्पद के अनुसार, गेंदा 50 रुपये किलो, सेवंती 80 रुपये और प्रीमियम गुलाब 200 रुपये किलो तक बिका। फूलों की मांग बढ़ने से किसानों को अच्छे दाम मिले।

बाजारों में तोरण, झूमर और कांच की लटकनों की भी खूब बिक्री हुई। इनकी कीमत 200 से 1500 रुपये तक रही। सजावटी सामान की दुकानदार द्रोपदी गोठवाल ने बताया कि इस बार नई वैरायटी की लटकनों को ग्राहक पसंद कर रहे हैं। धनतेरस पर महाकालेश्वर मंदिर में विशेष अभिषेक और पूजन हुआ। संभागायुक्त आशीष सिंह, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह सहित अधिकारियों ने सपत्नीक पूजन कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और आरोग्य की कामना की। वाल्मीकि धाम में स्वामी सोनदास महाराज के समाधि निर्माण दिवस पर श्रद्धालुओं ने चादर चढ़ाकर दर्शन किए।

त्योहारी भीड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था के लिए 300 जवान तैनात किए गए। ट्रैफिक डीएसपी उमाकांत चौधरी ने लोगों से निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही वाहन खड़े करने की अपील की।

सरस्वती विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने दिया स्वदेशी अपनाने का संदेश



नईदुनिया प्रतिनिधि, बरेलीः दीपावली एवं धनतेरस के पावन पर्व पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरेली के विद्यार्थियों ने स्वदेशी अपनाने और आत्मनिर्भर भारत का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने नगर के विभिन्न शासकीय कार्यालयों, थाना, विद्युत विभाग, अस्पताल एवं सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया पहुंचकर मिट्टी के दीये और स्वयं निर्मित शुभकामना पत्र भेंट किए तथा अधिकारियों-कर्मचारियों को दीपावली की बधाई दी।

कार्यक्रम की थीम 'स्वदेशी अपनाओ-देश बचाओ' रही। इस अवसर पर विद्यालय में दीप सज्जा एवं बधाई-पत्र निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने मिट्टी के दीये, गोबर से बने दीपक और स्थानीय कारीगरों के उत्पाद अपनाने की अपील की। साथ ही हरित एवं स्वच्छ दीपावली मनाने का संदेश दिया। बच्चों ने कहा कि स्वदेशी उत्पादों को अपनाना स्थानीय कारीगरों को प्रोत्साहित करने और देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर मां नर्मदा शिक्षण समिति के अध्यक्ष मनोज शांडिल्य, सचिव हीरेंद्र मालवीय एवं प्राचार्य जयप्रकाश तिवारी ने विद्यार्थियों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। प्राचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ संस्कार, राष्ट्रप्रेम और स्वदेशी की भावना विकसित करना ही विद्या भारती का उद्देश्य है। विद्यार्थियों की इस पहल की नगरवासियों ने सराहना की। कार्यक्रम का समापन 'मिट्टी के दीये जलाओ, स्वदेशी अपनाओ और भारत को आत्मनिर्भर बनाओ' के संकल्प के साथ हुआ।

सिंचाई विवाद में पुत्र ने पिता को पीटा

शाजापुर। सिंचाई विवाद में पुत्र ने अपने पिता की पिटाई कर घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार जिले के लालघाटी थाना क्षेत्र के ग्राम लालाखेड़ी गुर्जर में शुक्रवार को खेत में सिंचाई को लेकर विवाद पवन सिंह ने अपने पिता सौदान सिंह पर लाठी से हमला कर दिया। हमले में उनके सिर में गंभीर चोट आई। सौदानसिंह अपने खेत में सिंचाई कर रहा था, इस दौरान उनके बेटे पवनसिंह ने उन्हें खेत में पानी देने से रोका। इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर पवन सिंह ने पिता पर लाठी से वार कर दिया, जिससे उनके सिर में चोट आई।

विद्युत ट्रांसफार्मर में लगी आगः अचानक हुए शार्ट सर्किट के कारण विद्युत ट्रांसफार्मर में आग लग गई। जानकारी के अनुसार बजरंग कॉलोनी में सुबह करीब 7 बजे डीपी से आग की लपटें उठने लगी। स्थानीय लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी जिसके बाद आग को बुझाया गया।

70 वर्षीय किसान के खेत में मिले गांजे के छह पौधे, 7.7 किलो फसल जब्त

गोपालपुर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किया मामला, जब्त गांजे की कीमत करीब 70 हजार रुपये

नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदा/गोपालपुरः मादक पदार्थों के अवैध कारोबार और खेती के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गोपालपुर पुलिस ने ग्राम चीचली में एक किसान के खेत से गांजे के छह बड़े पौधे जब्त किए हैं। इनका कुल वजन 7 किलो 700 ग्राम बताया गया है। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत करीब 70 हजार रुपये है। पुलिस ने इस मामले में 70 वर्षीय किसान अमर सिंह हरियाले के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर जिले में मादक पदार्थों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। एसडीओपी रोशन कुमार जैन के मार्गदर्शन में गोपालपुर थाना पुलिस को ग्राम चीचली निवासी अमर सिंह हरियाले के खेत में गांजे की खेती किए जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस टीम ने खेत की तलाशी ली, जहां से गांजे के छह बड़े पौधे बरामद हुए। इनका कुल वजन 7.700 किलोग्राम पाया गया।

पुलिस ने मौके से गांजे के पौधे जब्त कर आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की खेती और नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह गौड़, उपनिरीक्षक लवेश कुमार, सहायक उपनिरीक्षक विजय यादव सहित पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

स्पेशल खबर सफाई कर्मचारियों की हड़ताल...

15 साल से वेतन नहीं बढ़ने पर आक्रोश, निकाली बाइक रैली, शहर में लगा कचरे का अंबार

नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुरः नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों ने अपनी चार सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर शुक्रवार को प्रदर्शन किया। वेतन वृद्धि और नियमितीकरण की मांग को लेकर कर्मचारियों ने पहले नगरपालिका परिसर में धरना दिया और इसके बाद शहर के प्रमुख मार्गों से एक विशाल बाइक रैली निकालकर प्रशासन के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया। सफाई कर्मचारियों की इस अचानक हुई हड़ताल के कारण पूरे शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है।

15 साल से वेतन वृद्धि नहीं, नियमितीकरण का इंतजारः शुक्रवार को धरना प्रदर्शन कर रहे सफाई कर्मचारियों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि पिछले 15 सालों से उनके वेतन में एक रुपये की भी बढ़ोतरी नहीं की गई है। महंगाई के इस दौर में अल्प वेतन में परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो गया है। इसके अलावा, लंबे समय से सेवा दे रहे कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग पर भी प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस और अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है। कर्मचारियों का आरोप है कि वे अपनी इन समस्याओं के समाधान के लिए लंबे समय से संबंधित



अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित करा रहे हैं।

कई बार ज्ञापन भी सौंपे गए, लेकिन समाधान न होने के कारण अब उन्हें मजबूर होकर धरना और रैली के जरिए सड़क पर अपनी बात रखनी पड़ रही है।

शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी रैली, गूंजे नारेः नगरपालिका परिसर में अपना विरोध दर्ज कराने के बाद बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारियों ने अपनी-अपनी दोपहिया वाहनों पर सवार होकर एक रैली निकाली। यह आक्रोश रैली शहर के प्रमुख मार्गों और मुख्य बाजारों से होकर गुजरी। इस दौरान कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी की और प्रशासन से जल्द से जल्द उनकी सुनवाई करने की अपील की।

गली-मोहल्लों में बिखरा कचरा, नागरिक परेशानः सफाई कर्मियों की इस हड़ताल का सीधा और तत्काल असर शहर की स्वच्छता पर पड़ा है। यही कारण रहा कि शहर की कॉलोनियों, गली-मोहल्लों और मुख्य चौराहों पर सफाई नहीं हो सकी। सड़कों पर यहां-वहां कचरा बिखरा पड़ा रहा और कचरा संग्रहण वाहन भी नहीं पहुंचे। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी चार सूत्रीय मांगों का निराकरण नहीं किया गया तो अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी।